# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- coe.rmpssu@gmail.com

## परीक्षा समिति की 37वीं बैठक दिनांक 04.07.2026 का कार्यवृत्तः–

परीक्षा समिति की 37वीं बैठक दिनांक 04.07.2026 को अपराह्न 05:30 बजे आहूत की गयी। बैठक में निम्नलिखित ने प्रतिभाग कियाः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रो0 एन0बी0 सिंह | कुलपति, राजा महेन्द प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | अध्यक्ष |
| 02 | प्रो0 कृष्णा अग्रवाल | संकायाध्यक्ष, कला संकाय | सदस्य |
| 03 | प्रो0 पंकज कुमार वार्ष्णेय | संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय | सदस्य |
| 04 | प्रो0 हरीश कुमार शर्मा | संकायाध्यक्ष, विधि संकाय | सदस्य |
| 05 | प्रो0 ए0के0 वत्स | संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय | सदस्य |
| 06 | प्रो0 अंजना कुमारी | संकायाध्यक्ष, शिक्षक शिक्षा संकाय | सदस्य |
| 07 | प्रो0 सुभाष | संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय | सदस्य |
| 08 | प्रो0 गीतिका सिंह | संकायाध्यक्ष, गृह विज्ञान संकाय | सदस्य |
| 09 | प्रो0 रनवीर सिंह | सचिव, महामंत्री, रम्पुटा, अलीगढ़ | सदस्य |
| 10 | प्रो0 के0डी0वर्मा | अधिष्ठाता शैक्षिक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 11 | प्रो0 शुभनेश कुमार गोयल | संयोजक I.Q.A.C. | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 10 | श्री प्रबुद्ध सिंह | कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 11 | श्री धीरेन्द्र कुमार | परीक्षा नियंत्रक, राजा महेन्द प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | सचिव |

सर्वप्रथम परीक्षा नियंत्रक द्वारा सभी आमंत्रित सदस्यों का स्वागत किया गया तदोपरान्त मा0 कुलपति जी की अनुमति से परीक्षा समिति के बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गईः–

मद संख्या– 37.1 परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 25.06.2026 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय–** परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 25.06.2026 के कार्यवृत्त की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।

मद संख्या– 37.2 परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 25.06.2026 के निर्णयों पर की गयी कृत कार्यवाही।

**निर्णय–** परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 25.06.2026 में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत कराते हुए संसूचित हुए।

मद संख्या– 37.3 सत्र् 2025–26 समर्थ पोर्टल के द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षार्थीयों के परीक्षाफल पर विचार।

**निर्णय–** एन0ई0पी0– 2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थीयों को आगामी सत्र् में प्रोन्नत कर दिया जाय तथा ऐसे अनुत्तीर्ण विद्यार्थीयों को जिन्हे प्रोन्नत किया गया है उन्हे सम्बन्धित आगामी सेमेस्टर के साथ बैक परीक्षा में सम्मलित किय जाने का परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही आर्डिनेन्स में उक्त सन्दर्भित संशोधन करने हेतु पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया गया–

# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- coe.rmpssu@gmail.com

1. परीक्षा नियंत्रक
2. अधिष्ठाता शैक्षिक
3. संयोजक I.Q.A.C.
4. संकायाध्यक्ष विधि संकाय
5. संकायाध्यक्ष कला संकाय

गठित समिति द्वारा प्राप्त उपलब्ध संशोधित ऑर्डिनेन्स को विद्या परिषद के पटल पर रखे जाने का परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

मद संख्या– 37.4 परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 25.06.2026 के मद संख्या 36.10 में लिए गए निर्णय के क्रम में सत्र् 2025–26 सम सेमेस्टर की परीक्षाओं में के0डी0के0आर0 महाविद्यालय, निधौली कला, एटा के प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक अपलोड नही किये जाने पर परीक्षक से स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया गया। उपलब्ध कराये गए स्पष्टीकरण पर विचार।

**निर्णय–** के0डी0के0आर0 महाविद्यालय, निधौली कला, एटा द्वारा परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित अर्थदण्ड जमा करने के पश्चात अंक अपलोड कर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाये एवं डा0 रीता गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ एवं प्रो0 अनुपम सक्सेना, बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय, आगरा से प्राप्त स्पष्टीकरण से परीक्षा समिति संसूचित होने के साथ ही प्रकरण समाप्त करने का अनुमोदन दिया गया।

मद संख्या– 37.5 परीक्षा समिति की 32वीं बैठक दिनांक 19.12.2025 के मद संख्या 32.4 द्वारा सत्र् 2025–26 विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के दौरान नकल के सम्बन्ध में सम सेमेस्टर सत्र् 2025–26 की परीक्षाओं हेतु डिबार किए गए महाविद्यालयों की डिबार अवधि समाप्त करने हेतु पत्र निर्गत करने पर विचार।

**निर्णय–** सत्र् 2025–26 विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के दौरान नकल के सम्बन्ध में सम सेमेस्टर सत्र् 2025–26 की परीक्षाओं हेतु डिबार किए गए महाविद्यालयों की डिबार अवधि समाप्त होने के पश्चात पत्र निर्गत करने का परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया गया।

मद संख्या– 37.6 छात्र उपदेश सिंह परिहार द्वारा स्नातक बी0एस–सी0 पाठ्यक्रम के दो वर्ष पूर्ण करने के उपरान्त द्विवर्षीय डिप्लोमा सर्टीफिकेट प्राप्त कराये जाने पर विचार।

**निर्णय–** पाठ्यक्रम के दो वर्ष पूर्ण करने के उपरान्त द्विवर्षीय डिप्लोमा सर्टीफिकेट NEP-2020 ऑर्डिनेन्स अनुसार डिप्लोमा सर्टीफिकेट के प्रारूप का निर्धारण कर उसके अनुरूप पाये जाने पर जारी करने का परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- coe.rmpssu@gmail.com


मद संख्या– 37.7 सत्र् 2026–27 विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने पर विचार।

**निर्णय–** विश्वविद्यालय सत्र् 2026–27 की आगामी विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु परीक्षकों की सूची अनिवार्य रूप से BOS के अनुमोदनोंपरांत ही विश्वविद्यालय स्तर से प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु पैनल नियुक्त किये जायेगें। नियुक्त पैनल द्वारा जियो–टैग युक्त 03 फोटो एवं 30 सेकंड का वीडियों प्रायोगिक परीक्षा समाप्त होने से पूर्व विश्वविद्यालय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के पश्चात ही अंक अपलोड किये जाने का परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया गया। प्रायोगिक परीक्षा हेतु नामित परीक्षक द्वारा समय से परीक्षा न कराये जाने पर परीक्षा समिति के निर्णय की अवहेलना मानी जायेगी, एवं पैनल में लगाये गये परीक्षकों में से किसी भी परीक्षक का Refusal प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय स्तर से दूसरा परीक्षक नामित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**अन्य मद, मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

मद संख्या– 37.8 एम0एस–सी0 द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर जन्तु विज्ञान के छात्रों की अंकतालिका पर प्रश्न पत्र शीर्षक ANIMAL SYSTEMATICS के स्थान पर INSECT SYSTEMATICS किये जाने पर विचार।

**निर्णय–** BOS द्वारा संशोधित एम0एस–सी0 द्वितीय वर्ष चतुर्थ सेमेस्टर जन्तु विज्ञान प्रश्नपत्र शीर्षक ANIMAL SYSTEMATICS के स्थान पर INSECT SYSTEMATICS छात्र/छात्राओं की अंकतालिका पर संशोधित किये जाने का परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

मद संख्या– 37.9 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खैर, अलीगढ़ के बी0ए0 षष्टम सेमेस्टर में शारीरिक शिक्षा विषय Back छात्र/छात्राओं के प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड नही किये गए। अंक अपलोड कर परीक्षा परिणाम जारी किये जाने पर विचार।

**निर्णय–** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खैर, अलीगढ़ के बी0ए0 षष्टम सेमेस्टर में शारीरिक शिक्षा विषय Back के छात्र/छात्राओं के प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कर परीक्षा परिणाम जारी किये जाने का परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में महाविद्यालय को चेतावनी जारी करने का निर्णय लिया गया।

**अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ परीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।**

04-07-2026

(धीरेन्द्र कुमार)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष